तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 6 मई 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


10 पैनिक बयान दबाते ही तत्काल पहुंचेगी ...


11 मोदी के 400 पार के संकल्प में कोरबा का भी होगा ...

## खबर संक्षेप

### जनसहयोग ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कांकेर।** शहर के घड़ी चौक स्थित शहीद स्मारक तथा उसके आसपास जन सहयोग सामाजिक संस्था एवं भूतपूर्व सैनिकों ने 5 मई को सफाई अभियान चलाया, जिसके चलते शहीद स्मारक परिसर की शक्ल बदल गई। संस्था के सदस्यों ने कई घंटे अभियान चलाया।
उल्लेखनीय है कि शहर कांकेर में स्थित अनेक प्रतिमाओं तथा स्मारकों की साफ सफाई का पुण्य कार्य पिछले अनेक वर्षों से जन सहयोग द्वारा ही सेवाभाव से किया जाता रहा है। आज के स्वच्छता अभियान में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा बल्लूराम यादव, संत कुमार रजक, करण नेताम, पप्पू साहू, गजेंद्र सिंह ठाकुर, भूपेंद्र यादव, डोमेश वलेचा, भूतपूर्व सैनिकों में टीके जैन और संयोग साहू ने अत्यंत कर्मठता से भाग लिया।

### रेलिंग से बाइक भिड़ी चालक की मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत नंदनमारा पुलिया के पास सड़क दुर्घटना में बाईक चालक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम धनोरा निवासी 27 वर्षीय चिरंजीव सरोज पिता सुरेश कुमार सरोज 24 मार्च को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 5783 में सवार होकर निजी कार्य से चारामा जा रहा था। नंदनमारा पुलिया में अपने मोटर सायकल को तेज एंव लापरवाही पूर्वक चलाकर अनियंत्रित होकर पुलिया के रेलिंग में स्वंय से मोटर सायकल सहित टकराने के कारण गंभीर चोट आने से ईलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सको ने परीक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### हाथों को बांधकर युवक की पिटाई

कांकेर। नरहरपुर थानांतर्गत सुरही के एकलव्य स्कूल के पास मारपीट करने व पीड़ित युवक को घर आंगन में बांधकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने थाना पहुंचकर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के ग्राम बीजापुर निवासी खिलेश्वर प्रसाद ठाकुर पिता सोमन लाल ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मैं अपने भाई दुर्गेश कुमार जुर्री पिता परदेशी राम जुर्री के साथ 2 मई को सुबह करीबन 7 बजें आसपास सुरही से अपने ग्राम वापिस आ रहा था, तभी दो बाईक सवार युवक एकलव्य परिसर चितवापारा (सुरही) के पास हमें क्रास किए और जोर से गाली गलौज करने लगे। हम लोग गाड़ी खड़े कर पैदल उनके पास गए और कहा कि हमें क्यों गाली गलौच किए हो। इतना कहने पर आरोपी गोविंद नेताम पिता हेमलाल नेताम ने आर्मी वाला हूं करके धौंस जमाकर मेरे साथ गाली गलौच किया और मुझे उठाकर जमीन पर पटक दिया।

### 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल 10 से पूर्व

**कांकेर।** दसवीं और बारहवीं का 2023 में 10 मई को रिजल्ट आया था, इस बार भी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। आचार संहिता के तहत चुनाव आयोग से परमीशन माँगा गया है, संभवतः 7 मई को चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कभी भी परिणाम घोषित कर सकता है। कांकेर जिले में दसवीं में 8603 और बारहवीं में 6798 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के नतीजे की घोषणा 9 अथवा 10 मई को की जा सकती है।

# बस्तर में मक्का का बम्पर उत्पादन, कोकोड़ी में 140 करोड़ का कारखाना ठंडे बस्ते में

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर के किसान कुछ साल पहले तक केवल धान की ही खेती करते थे, लेकिन कुछ वर्षों में साग, सब्जी के साथ मक्का का भी उत्पादन बढ़ा है। मक्का की खेती मुनाफा दे रही है इसलिए पहले जहां गिनती के किसान मक्का फसल लगाते थे अब गांव-गांव में किसानों का रूझान मक्का खेती पर बढ़ा है। यही कारण है कि गांव-गांव में मक्का की फसल लहलहा रही है। बस्तर में इस साल भी मक्का की बम्पर पैदावार हुई है। पहले बस्तर का मक्का रेलवे रेक से विदेशों में जाता था लेकिन अब सरकार की नई पॉलिसी में इथेनॉल बनाने के लिए इंटेनसिव देने से भारत में ही मक्का की खपत हो रही है। वैसे पोल्ट्री फार्म में दाना के साथ स्टार्च में भी इसका उपयोग होता है। अब इथेनॉल में मांग बढ़ने से छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रांत में भी बस्तर का मक्का जा रहा है। लेकिन स्थानीय स्तर पर इसका वैल्यू एडिशन नहीं हो रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकार के समय कोण्डागांव जिले के कोकोड़ी में कारखाना लगना था जो अब तक ठंडे बस्ते में है। वहीं कुरंदी में भी शहर के एक बड़े व्यापारी का कारखाना लगना था उसका भी अता पता नहीं है। बावजूद बस्तर के किसान मक्का की खेती में कमाई होने से इस पर ध्यान दे रहे हैं। किसान सुब्रतो विश्वास ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि स्थानीय ▶▶| शेष पेज 10 पर

## लेम्पस सोसायटी की जगह व्यापारियों को मक्का दे रहे किसान

### बस्तर में उत्पादन बढ़ा

मक्का की खेती बस्तर के किसान बहुतायत में कर रहे हैं। पहले पोल्ट्री और स्टार्च में ही मक्का का उपयोग होता था। सरकार की नई पॉलिसी में इंटेनसिव दिया जा रहा है इसलिए इथेनॉल में उपयोग होने से यहां का पूरा मक्का देश में ही उपयोग में आ रहा है। पहले रेक से विदेश बस्तर का मक्का जाता था जो अब बंद है, क्योंकि खपत यहीं पर हो जा रही है।
- **दिपेश राजपुरिया,** मक्का व्यापारी



### 140 करोड़ में बन रहा कारखाना

हमारी सरकार के समय कोण्डागांव जिले के कोकोड़ी में 140 करोड़ की लागत से मक्का का कारखाना लगाने की स्वीकृति दी गई थी। इसमें देरी का कारण 50 तरह की एनओसी लेने की औपचारिकता पूरी करना है। केंद्र सरकार से पर्यावरण और अन्य तरह की एनओसी में भी देरी हो रही है। फिर भी कारखाना फायनल स्टेज में है। कारखाना शुरू होने पर यहां के किसानों को फायदा होगा।
- **मोहन मरकाम,** पूर्व मंत्री

## सफलता : पुलिस की अपील का माओवादियों पर व्यापक असर

# 3 इनामी सहित 35 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण हिंसा छोड़, लोकतंत्र व संविधान पर जताया विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकतंत्र व संविधान में विश्वास जताते हुए हिंसा की राह छोड़कर 35 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 3 इनामी भी शामिल है। नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत विगत कुछ माह में जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है। साथ ही प्रशासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में माओवादी कैडर का आत्मसमर्पण देखने को मिल रहा है। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प कर 35 माओवादियों ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये लोन वार्राटू अभियान के तहत रविवार को पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफअनिल कुमार झा व विवेक कुमार सिंह, 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं रामकुमार बर्मन के समक्ष पुलिस कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये। आत्मसमर्पित 35 माओवादियों में से 25 माओवादियों को डीआरजी बल दन्तेवाड़ा, 6 माओवादियों को आर.एफ.टी सीआरपीएफ एवं 4 माओवादियों को 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा आत्मसमर्पण कराने में विशेष योगदान रहा। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ सभी भटके हुए माओवादियों से अपील की है कि हिंसा को छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए निकटतम थाना अथवा कैंप में सम्पर्क करें और क्षेत्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दें। पुलिस अधीक्षक ने आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जाएगा। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 180 इनामी माओवादी सहित कुल 796 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

■ आत्मसमर्पित माओवादी भैरमगढ़, मलांगेर एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी में थे सक्रिय



### इन्होंने किया आत्म समर्पण

आत्मसमर्पित माओवादियों में बामन करटाम 39 वर्ष निवासी ऐटेपाल थाना कुआकोण्डा जियाकोड़ता पंचायत मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर 1 लाख का इनामी, कुमारी कुम्मे लेकाम 35 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत केएएमएस अध्यक्ष 1 लाख इनामी, भीमा कुंजाम 28 वर्ष निवासी अरनपुर सीएनएम अध्यक्ष 1 लाख, देवा उर्फ काटुम मुचाकी 20 वर्ष निवासी एटेपाल थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत कृषि शाखा सदस्य, जोगो बारसे 35 वर्ष निवासी पोरोवाड़ा थाना मिरतुर केएएमएस सदस्य, बुदी उर्फ बुधरी हपका 40 वर्ष निवासी एटेपाल थाना मिरतुर केएएमएस सदस्या, पायके मुचाकी 26 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर सीएनएम सदस्या शामिल है। इनके अलावा सन्तू उर्फ माडो वेट्टी 32 वर्ष निवासी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# आंध्र प्रदेश जाने से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी 5 मिनट रुकेंगे जगदलपुर में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सोमवार को प्रधानमंत्री के पांच मिनट के प्रवास को देखते हुए बस्तर पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। प्रवास को देखते हुए रविवार शाम एयरपोर्ट से लेकर महारानी अस्पताल व मेडिकल कॉलेज तक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों व जवानों द्वारा रिहर्सल किया गया। जानकारी के मुताबिक बस्तर से लगे ओडिशा के नवरगंपुर में पीएम मोदी की सभा होनी है। इसके बाद उन्हें आंध्रप्रदेश के लिए रवाना होना है। इस बीच पीएम मोदी को प्लेन बदलने के लिए लगभग 5 मिनट एयरपोर्ट में रूकना पड़ेगा। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बस्तर पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि बस्तर जिले के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में 28 दिन के बाद दुबारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उतर रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बस्तर पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएम नरेंद्र मोदी सिर्फ हेलीकॉप्टर बदलने के लिए ही उतरेंगे और यहां से आंध्रप्रदेश के लिए रवाना हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि बस्तर जिले में प्रथम चरण में हुई लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के प्रचार के लिए बस्तर प्रवास में आए थे। उसके बाद सोमवार को दूसरी बार एयरपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री दिल्ली से होते हुए ओडिशा जाएंगे। ओडिशा के नवरगंपुर ▶▶| शेष पेज 10 पर



■ प्रवास को देखते हुए बस्तर पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के किए गए प्रबंध

# युवती से अनाचार कर अश्लील वीडियो परिजनों को भेजने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम पखनाकोंगेरा निवासी युवक द्वारा शादी का प्रलोभन देकर पहले युवती से अनाचार किया और फिर मारपीट कर अश्लील वीडियो पीड़िता के परिजनों को भेज दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।
जानकारी के मुताबिक भानपुरी पुलिस ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ बलात्कार कर अश्लील विडियो बनाने व परिजनों को भेजने वाले आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके गृहग्राम पखनाकोंगेरा से गिरफ्तार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी घनश्याम कामड़े के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राकेश राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में पीड़िता ने भानपुरी पुलिस को बताया कि आरोपी जगेश्वर यादव द्वारा माह अक्टूबर 2023 से बहला फुसलाकर शादी करने का प्रलोभन देकर जबरन बार-बार बलात्कार किया। तथा गाली गलौच कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ▶▶| शेष पेज 10 पर



■ शादी का प्रलोभन देकर करता रहा अनाचार फिर शादी से किया इनकार

# एम्बुलेंस कर्मियों ने बचाई महिला व नवजात की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक अंतर्गत पखनार निवासी 28 वर्षीय गर्भवती महिला लखमी को रविवार की सुबह प्रसव पीड़ा हो रही थी। सुबह 7.30 बजे महिला को सीएचसी दरभा में भर्ती कराया गया। महिला की जांच उपरांत पाया गया कि गर्भ में बच्चा उल्टा है और नाल शिशु के गले में फंस गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी डॉ. सुमन सेन ने महिला को सीएचसी दरभा से मेडिकल कॉलेज डिमरापाल सुबह 8.30 बजे रेफर किया गया। 108 एम्बुलेंस तत्परता से महिला मरीज को लेकर दरभा से मेकाज के लिए रवाना हुई। रास्ते में ग्राम कामानार रितु ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ दरभा सीएचसी से मेडिकल कॉलेज डिमरापाल की गई थी रेफर

# तापमान 40 डिग्री पहुंचा, गर्मी से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों का हाल बेहाल है। भीषण गर्मी के बढ़ने के बाद लोगों को लू से बचाव के लिए अलर्ट किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में तापमान तीन डिग्री तक बढ़ेगा। रविवार को तेज धूप की तपिश से लोग हलाकान रहे। पारा भी सामान्य से 3 डिसे ज्यादा दर्ज किया गया। अधिकांश सड़कें सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सूनीं रहीं। जरूरी हुआ तो ही लोग घरों से बाहर निकलने पर मजबूर हुए। इस दौरान शीतल पेय स्टालों में लोगों की भीड़ जुटी रही। रविवार को संभाग मुख्यालय जगदलपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिसे ज्यादा 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम सामान्य से 3 डिसे अधिक 26 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। गर्मी से बेहाल लोग देर रात तक सपरिवार चहलकदमी कर रहे। राहत के लिए शीतल पेय, आइसक्रीम का सेवन करते देखे गए। घरों, दफ्तरों में लगभग पूरे समय पंखे, कूलर, एसी चल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी का प्रकोप अगले तीन से चार दिनों तक जारी रहेगा।

■ तेज धूप और गर्म हवाओं से लू जैसे बनी स्थिति



### एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा के संकेत

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा ने जारी बुलेटिन में बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा के उपर 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक 0.9 किमी की ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में सोमावर को एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### एक दो स्थानों पर वज्रपात की आशंका

वायुमंडल में बने सिस्टम की वजह से प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की सम्भावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि का दौर बने रहने की संभावना है।
- **एचपी चन्द्रा,** मौसम वैज्ञानिक रायपुर

## पर्यटकों को तीरथगढ़ का झरना लुभा रहा, रोज पहुंच रहे सैंकड़ों

# गर्मी के प्रकोप से बचने बच्चे परिवार के साथ पहुंच रहे पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है और वर्तमान में बच्चों की छुट्टियां भी हुई। ऐसे में शहर से लगभग 6 किमी दूर लामनी पार्क बड़ा सहारा बने। गर्मी पहले की तुलना में ज्यादा पड़ने लगी है, लेकिन इससे लाइफ इंजॉय करने के तरीके पर कोई असर नहीं हो रहा है। अब लोग गर्मी की छुट्टियों पर फोकस करने लगे हैं। परिवार के साथ यहां पर क्वालिटी टाइम बिताया जा रहा है। लामनी पार्क को खुशियों का पार्क कहा रहा है। बच्चे अपने परिवार के साथ पार्क में पहुंच रहे हैं, इस तरह से शनिवार एवं रविवार को एक दिन में लगभग 500 पर्यटक और सामान्य दिनों में 250-300 पर्यटक पार्क में पहुंच रहे हैं। पार्क के पर्यटकों को तीरथगढ़ का झरना लुभा रहा है, साथ ही बच्चे घुड़सवारी में जुटे हुए हैं। इसके अलावा चिड़िया घर में गुफानुमा टनल में जाकर पक्षियों का दीदार किया। पक्षियों के घरौंदा में अलग-अलग प्रजाति के लगभग 500 से अधिक बेंगलोर एवं कलकत्ता की पक्षी रखे गए हैं। लगभग 4000 मीटर लंबा और 15 मीटर ऊंचा पक्षियों का आशियाना हैं। वनपाल उदयनाथ सिंह के नेतृत्व में स्व-सहायता समूह की महिलाएं पर्यटकों की सुविधा के शाम तक जुटे रहे।

■ चिड़ियों के दीदार के साथ कर रहे घुड़सवारी



### समूह की महिलाएं चिड़ियों को दे रहीं दाना

वन विभाग के जगदलपुर परिक्षेत्र के रेंजर देवेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से पक्षियों का घरौंदा संचालित किया जा रहा है। जिसमें स्व-सहायता समूह की महिलाएं चिड़ियों को दाना और पार्क की साफ-सफाई कर रही हैं।

### पार्क की आय बढ़ाने का प्रयास

वन विभाग के मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि एसडीओ एवं परिक्षेत्र अधिकारी को निर्देश दिया कि पार्क में पहुंचने वाले पर्यटकों का ध्यान दें, जिससे पार्क की आय बढ़ सके। इसके चलते पार्क में बैलगाड़ी सवारी एवं सायकलिंग शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### कठौली स्कूल में परीक्षा से उत्पन्न तनाव को दूर करने हुआ संवाद

**सिर्री।** परीक्षा से उत्पन्न तनाव को दूर करने शनिवार को पालक-शिक्षक - छात्र संवाद का आयोजन शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कठौली में किया गया। कार्यशाला में नोडल अधिकारी रोहित पांडे ने किस प्रकार तनाव को दूर किया जाए पर कहानी के माध्यम से चर्चा की। प्राचार्य नरेन्द्र वर्मा, किशोर साहू व्याखाता, दिनेश साहू ने परीक्षा से उत्पन्न तनाव पर पालक और छात्रों से संवाद किया। संकुल प्राचार्य ने नोडल अधिकारी को प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से यादराम, खिलावन, नरेंद्र धीवर, दीपक मरकाम, तनुजा साहू, नीतू साहू, संतोष कोसले, लक्ष्मीनाथ जोशी, ताराचंद साहू, संतोष साहू, लक्ष्मण सहित समस्त शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, पालकगण, 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं शामिल हुए ।

### बिना हरियाली के जीवन में खुशहाली नहीं आ सकती

**धमतरी।** लगातार बढ़ते तापमान से प्राणी जगत को घोर संकट का सामना करना पड़ रहा है। युवा शक्ति समाजसेवी संस्था के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार साहू ने आम आदमी को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूक करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को साल में 7 पौधे लगाकर उसका नियमित सरंक्षण करना चाहिए जिससे हमें लाखों रुपए का ऑक्सीजन प्राप्त होगा। पानी की रिसाइकलिंग, तापमान सामान्य, वायु प्रदूषण नियंत्रण, कार्बन डाइ ऑक्साइड अवशोषित, जमीन कटाव पर रोक, मानव समाज द्वारा फैलाए प्रदूषण नियंत्रण का लाभ मिलेगा। किसी के घर परिवार में शादी, गृह प्रवेश, जन्मदिन या कोई भी विशेष समारोह पर तोहफा के रुप में पौधा देने की परंपरा शुरु करनी चाहिए। बिना हरियाली के जीवन में खुशहाली नहीं आ सकती।

### भैंसमुंडी में करियर गाइडेंस 5 से

**सिर्री।** परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द के तत्वावधान में साहू समाज के साथ ही सर्व समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल भैंसमुंडी में 5 मई से प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक रखा गया है। परिक्षेत्र मौरीखुर्द अध्यक्ष पोषणराम साहू ने बताया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, भौतिक, रसायन, बायोलॉजी के विषय विशेषज्ञों द्वारा क्लास ली जायेगी।

### दो दिन में 44 पहुंचेगा पारा, फिर बदलेगा मौसम

धमतरी। आज और कल अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री वृद्धि हो सकती है। बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच पहुंच जाएगा। 6 मई के बाद प्रदेश में मौसम फिर बदलेगा। कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ तेज हवा चलने तथा हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मेघालय से लेकर उप हिमालयी पश्चिम बंगाल के ऊपर एक द्रोणिका बनी हुई है। झारखंड, उड़ीसा, दक्षिण छत्तीसगढ़ विदर्भ होते हुए मराठवाड़ा के उपर चक्रवाती परिसंचरण 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से दो दिनों के बाद प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 6 मई के बाद तापमान में गिरावट आ सकती है।

### हाईस्कूल बांसपानी में हुई शिक्षक-पालक बैठक

**नगरी।** शासकीय हाईस्कूल बांसपानी में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी प्रहलाद लावत्रे के नेतृत्व में पालकों एवं विद्यार्थियों को एलईडी टीवी के माध्यम से जिला प्रशासन के अधिकारियों के संदेश से रूबरू कराया गया। लीनेश्वरी मरकाम ने बेहतर पेरेंटिंग तथा परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

# पूर्व सैनिकों ने बंधा तालाब पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे युवक–युवती और पूर्व सैनिकों द्वारा बंधा तालाब पार्क में स्वच्छता अभियान रविवार को चलाया गया। आज बंधा तालाब पार्क के चारों ओर झाड़ू लगाकर कचरा उठाया गया। तालाब में से जंगली घास और जलकुंभी को निकाला गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संदेश दिया कि स्वच्छता से ना केवल हमारा तन साफ रहता है बल्कि हमारा मन भी साफ रहता है। हमें भी स्वच्छता को अपनाना चाहिए। इसकी शुरुआत हमें और आपको मिलकर करनी होगी जिससे कि हमारा पूरा देश साफ सुथरा हो जाए। इसके बाद अखिल बाद भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने युवाओं को स्वच्छता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करती है। यह शारीरिक और मानसिक कल्याण और विकास को सुविधाजनक बनाती है ।

**निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे युवक-युवती**





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सेवारत सैनिक सोहनलाल नेताम, नगरपालिका परिषद से संतोष साहू, कृष्णा पटेल और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 250 युवक और युवतियां उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा व जागरुकता : अभिव्यक्ति एप के बारे में महिलाओं को बताया

# पैनिक बटन दबाते ही तत्काल पहुंचेगी पुलिस सहायता करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

थाना अनंतपुर द्वारा छात्र–छात्राओं और महिलाओं के ऊपर घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, रोकथाम तथा होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से अभिव्यक्ति नारी सम्मान में महिला सुरक्षा एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। येदुवेल्ली अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देश व रूपेश कुमार डांडे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन एवं रूपेश सिंह पुलिस अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर द्वारा अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एप छत्तीसगढ पुलिस विभाग ने तैयार किया है। दावा है कि अभिव्यक्ति ऐप से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी एप फीचर या पैनिक बटन से लैस है। बटन दबाते ही यूजर के पास तुरंत पुलिस सहायता पहुंचेगी। एप के जरिए महिलाएं कहीं से भी शिकायत पुलिस के पास दर्ज कर सकेंगी ।





### रहे ये मौजूद

इस दौरान थाना अनंतपुर के थाना प्रभारी , प्र आर. भावेश,आरक्षक लक्ष्मी बघेल, पैरा लीगल वालंटियर सुप्रिया शील और ग्रामीण महिला व लड़कियां उपस्थित रहीं।

### ये है प्रक्रिया

अनंतपुर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर अभिव्यक्ति एप इस्तेमाल करने के बारे में ग्राम बीजापुर के महिलाओं और लड़कियों को जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप डाउनलोड करना होगा। एप साइन इन और मोबाइल नंबर से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रक्रिया पूरी करने के बाद ओटीपी आएगा। ओटीपी से एप वेरीफाई होगा। डाउनलोड करने के बाद महिलाएं और लड़कियां कभी भी एप के माध्यम से शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती है। थाना प्रभारी ने महिलाओं और लड़कियों को सुझाव दिया की आने जाने के दौरान किसी प्रकार की समस्या या परेशानी होने पर ऐप का इस्तेमाल कर पुलिस को अवगत कराएं। पुलिस हरसंभव जल्द आप तक पहुंचेगी और पुलिस सहायता उपलब्ध होगी।

# बास्तानार ब्लाक के लालागुड़ा में जलसंकट से ग्रामीण परेशान

नाले के कुंड से निकल रहा पानी पर्याप्त नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के बास्तानार ब्लाक के ग्राम लालागुड़ा के नाकापारा के लोग भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। नाकापारा का नाला जो बारिश में लबालब रहता है वहां बने एक कुंआ जैसा कुंड में पानी के लिए महिलाएं घंटों खड़ी रहती है। खाना बनाने और नहाने के लिए पानी की कमी से ग्रामीण जूझ रहे हैं। गांव के युवा चेतन नेताम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि आज गांव में एक कार्यक्रम था, जहां लगभग 100 लोगों के लिए भोजन आदि तैयार करना था। लेकिन इस कुंड से पानी कम मिलने पर लोगों को काफी परेशानी हुई। पिछले कुछ दिनों से यह समस्या बरकरार है। रोज गांव की महिलाएं दूसरे काम को छोड़कर पानी के लिए बाल्टी और बर्तन लेकर पहुंची है जिसमें उनका घंटों समय खराब होता है। बावजूद पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है।

### अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे

भाजपा नेता भरत कश्यप ने कहा कि इस गांव की जन समस्या को लेकर पीएचई और ब्लाक के सीईओ एवं एसडीएम को कई बार ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन बास्तानार ब्लाक की समस्या पर प्रशासन के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। बस्तर जिले का सबसे पिछड़ा क्षेत्र बास्तानार ब्लाक है। यहां की भौगोलिक स्थिति पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पानी समेत अन्य समस्याएं भी लोगों को परेशान करती है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को बस्तर जिले के अन्य ब्लाक की तरह बास्तानार ब्लाक को प्राथमिकता देते हुए ध्यान देना चाहिए। उन्होंने इस भीषण गर्मी में सबसे पहले जलसंकट को दूर करने की बात कही है।

# बोड्डावारा-चिमड़ीपल्ली घाट सेक्शन में चलती मालगाड़ी के सामने विशाल बोल्डर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ 6 घंटे तक किरन्दुल–विशाखापतनम रेल मार्ग बाधित

पूर्वतट रेल के विशाखापटनम रेल मंडल में सम्मलित किरन्दुल-कोत्तावालसा रेल लाइन के घाट सेक्शन बोड्डावारा-चिमड़ीपल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलती खाली मालगाड़ी के इंजन सामने विशालकाय चट्टान आ गिरा। जिसके चलते मालगाड़ी के 4 पहिये पटरी से नीचे उतरने से डिरेल हुए। जिसकी वजह से केके लाइन सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक 6 घंटे बाधित रही। गनीमत यह रहा कि लोको केबिन के ऊपर चट्टान नहीं गिरा अन्यथा एक बड़ा हादसा होता। रेल मंडल मुख्यालय कंट्रोल से मिली जानकारी अनुसार विशाखापटनम से किरंदुल जा रही अप खाली मालगाड़ी जगदलपुर से 251 किमी दूरी पर आंध्रप्रदेश के अनंतगिरि पर्वत श्रृखंला घाट सेक्शन में बोड्डावारा-चिमड़ीपल्ली स्टेशन के मध्य सुबह 6.10 बजे इंजन के ठीक सामने पहाड़ से विशालकाय चट्टान आ गिरी। जिसके चलते इंजन का पहिया पटरी से उतर मालगाड़ी डिरेल हो गई। चट्टान इंजन के सामने गिरते ही चलती मालगाड़ी एकदम से रुक गई। पटरी पर लेंड स्लाइड होने के पीछे बड़ी वजह यह बताई जा रही कि एक दिन पहले घटनास्थल घाट सेक्शन में भारी बारिश हुई थी। बारिश की वजह से पहाड़ी पर चट्टान में मिट्टी की पकड़ कमजोर होने की वजह से इस लाइन में बारिश सीजन में अक्सर पहाड़ से चट्टान धसकने की घटना होती है। भीषण गर्मी में चट्टान धंसकने के पीछे एक दिन पूर्व हुई भारी बारिश की वजह बताई जा रही है। बरहाल घटना की सूचना के बाद विशाखापटनम से रिलीफ ट्रेन और बड़ी संख्या में रेल श्रमिक घटना स्थल में पहुंच मरम्मत व सुधार कार्य में जुटे। 3 घण्टे बाद इंजन के सामने गिरा चट्टान को पटरी से निकाला गया। सुबह 9 बजे सेक्शन क्लीयर हुआ, लेकिन रेल परिवहन दोपहर 12 बजे शुरू हुआ।






*वाईजेक से पैसेंजर 9 बजे छूटी: घाट सेक्शन में रेल डिरेल की वजह से विशाखापटनम से सुबह 6.45 बजे किरन्दुल जाने वाली पैसेंजर ट्रेन लगभग सवा दो घण्टे विलम्ब से सुबह 9 बजे रवाना हुई। किरन्दुल से विशाखापटनम जाने वाली पैसेंजर अपने निर्धारित समय से जगदलपुर स्टेशन से सुबह 9.55 बजे विशाखापटनम के लिए रवाना हुई।*

# नक्सलगढ़ के छात्रों ने आगरा में लगी प्रदर्शनी में दिखाया हुनर

**सीआरपीएफ के सौजन्य से गादीरास सूचना केन्द्र में दिया गया सिलाई प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ डीआईजी सीआरपीएफ व कलेक्टर सुकमा ने की सराहना

सीआरपीएफ सेंकड बटालियन व जिला प्रशासन सुकमा के सौजन्य से नक्सलगढ़ के छात्राओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित छात्राओं द्वारा बनाए गए रेडिमेड वस्त्रों की प्रदर्शनी यूपी के आगरा में लगाई गई। प्रदर्शनी में बनाए गए वस्त्रों की काफी सराहना हुई। कलेक्टर, एसपी व सीआरपीएफ के अधिकारियों द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

जानकारी के मुताबिक यूपी के दयालबाग शिक्षण संस्थान डीम्ड विश्वविद्यालय आगरा की शाखा गादीरास सूचना केन्द्र सुकमा में प्रशिक्षकों के नेतृत्व में जुलाई 2023 से सितम्बर 2023 तक 20 छात्राएं व अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 तक 37 प्रशिक्षित छात्रा कुल 57 प्रमाणपत्र मुख्य अतिथि कलेक्टर सुकमा हरिश एस द्वारा छात्राओं को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त 14 छात्राओं नें जनवरो 24 से मार्च 24 तक प्रशिक्षण पूर्ण किया। सुकमा जैसे अत्यन्त संवेदनशील जिले में दयालबाग शिक्षण संस्थान डीम्ड विश्वविद्यालय, दयालबाग आगरा यूपी की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय द्वारा डीआईजी सीआरपीएफ अरविंद राय के मार्गदर्शन व कलेक्टर एस. हरिश, कमाण्डेंट सेंकट बटालियन रति कान्त बेहेरा व पुलिस प्रशासन के सहयोग से कौशल विकास के तहत पिछले 9 माह से सिलाई प्रशिक्षण सुकमा के गादीरास सूचना केन्द्र में चलाया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं द्वारा बनाए गए परिधानों की प्रदर्शनी आगरा में विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर लगाई गई जिसमें गादीरास के 4 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं द्वारा बनाए गए परिधानों की प्रदर्शनी भी लगाई। इस दौरान कलेक्टर सुकमा के अलावा एसपी किरण चव्हाण, कमाण्डेन्ट रतिकान्त बेहेरा, भवेश चौधरी व तहसीलदार गादीरास द्वारा समय-समय पर दयालबाग शिक्षण संस्थान के गादीरास सूचना केन्द्र का दौरा भी किया गया व कुशल प्रशिक्षण की प्रशंसा की।




### अब बनाएंगी स्कूली बच्चों के परिधान

*कमाण्डेंट रतिकान्त बेहरा ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थान द्वारा महिला सशक्ति करण के तहत यहां के छात्राओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। वर्तमान में छात्राओं व महिलाओं का दो स्वयं सहायता समूह बनाया गया है। वहीं एक सहकारी समिति बनाने की प्रकिया जारी है ताकि इन्हे स्कूल के बच्चों के परिधान बनाने का सरकारी कार्य दिया जा सके, जिससे ये आय प्राप्त कर अपने और अपने परिवार का आर्थिक उन्नति कर सके। इस कार्य में द्वितीय बटालियन सीआरपीएफ के अलावा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सुकमा का उल्लेखनीय योगदान रहा है।*

## पेज 9 के शेष

### बस्तर में मक्का का ...

3-4 बड़े खरीददार मक्का ले रहे हैं। लेम्पस सोसायटी में कोई भी किसान मक्का नहीं दे रहा है। इसका कारण मौसम की मार से मक्का में होने वाले दाग या फंगस तथा सूखा नहीं होने का हवाला देकर सोसायटियों में रिजेक्ट किया जाता है। जबकि व्यापारी थोड़ा बहुत कम ज्यादा में मक्का ले लेते हैं। इसलिए शतप्रतिशत किसान व्यापारी को ही मक्का बेचते हैं। इस समय 2000 से 2100 तक भाव होने की बात उन्होंने कही।

पखांजूर क्षेत्र में सबसे अधिक पैदावार : बस्तर संभाग के कांकेर जिले के कापसी, पखांजूर, बांदे क्षेत्र में मक्का की सबसे अधिक पैदावार हो रही है। बताया गया कि वहां दण्डकारण्य प्रोजेक्ट के समय बांगला देश से आए बंगाली समाज के लोगों को बसाया गया था। खेती-किसानी में इस समय पखांजूर एरिया टॉप पर है। पैदावार अधिक होने से वहां का किसान समृद्ध हुआ है। खेती-किसानी के साथ-साथ व्यापार भी वहां काफी बढ़ा है।

एबीस नांदगांव में मांग अधिकः मिली जानकारी के मुताबिक बस्तर का मक्का एबीस राजनांदगांव में अधिक जा रहा है। जहां इस पोल्ट्री फार्म में मुर्गी दाना के रूप में उपयोग हो रहा है। इसके अलावा रायपुर और आंध्रप्रदेश में भी भेजा जा रहा है। स्थानीय खरीददार मांग के अनुसार अलग-अलग क्षेत्र में भेज रहे हैं।

### इन्होंने किया ...

एटेपाल थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत शिक्षा शाखा सदस्य, मनकु उर्फ डेडा बारसा 30 वर्ष निवासी हुर्रेपाल छिन्दपारा थाना मिरतुर मलिशिया प्लाटून ''ए'' सेक्शन सदस्य, फुलसिंह उर्फ झिटका मडकाम 30 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर मिलिशिया प्लाटून ''ए'' सेक्शन सदस्य, सुखराम उर्फ चिण्ड्रा कोरसा 30 वर्ष निवासी एटेपाल थाना मिरतुर मिलिशिया कंपनी सदस्य ने समर्पण किया। साथ ही बोटी उर्फ मारो मुचाकी 25 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर मिलिशिया कंपनी सी कमाण्डर, राजेश उर्फ राजेन्द्र मुचाकी 25 वर्ष निवासी पोरोवाड़ा थाना मिरतुर मिलिशिया कंपनी सदस्य, मासू बारसा 30 वर्ष निवासी पोरोवाड़ा थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत शिक्षा शाखा सदस्य, सुखराम उर्फ गुड़यि मुचाकी 30 वर्ष निवासी पोरोवाड़ा थाना मिरतुर पंचायत-पंच कमेटी सदस्य, सन्नू उर्फ मड्डा मड़काम 59 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर पंचायत कृषि शाखा ने भी समर्पण किया। राकेश उर्फ गुट्टा मड़काम 20 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर हुर्रेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य, सुधरू ओयाम 35 वर्ष निवासी इण्ड्रीपाल थाना मिरतुर जनताना सरकार सदस्य, रिषू उर्फ भैयरा 20 वर्ष निवासी पोरोवाड़ा थाना मिरतुर सीएनएम सदस्य, सुकारू उर्फ बुरका 30 वर्ष निवासी एटेपाल थाना मिरतुर सीएनएम सदस्य, छन्नू मड़काम 30 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर डीएकेएमएस सदस्य, सन्तू उर्फ सुभाष अतरा 30 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर मिलिशिया प्लाटून सी डिप्टी कमाण्डर, चन्दू उर्फ सोमडू तेलाम 40 वर्ष निवासी एण्ड्रीपाल थाना मिरतुर मिलिशिया प्लाटून बी डिप्टी कमाण्डर, आजू उर्फ सरपंच माड़वी 30 वर्ष निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर मिलिशिया प्लाटून बी सदस्य शामिल है। भीमा उर्फ सन्नू मुचाकी 25 वर्ष निवासी पोरोवाड़ा थाना मिरतुर मिलिशिया कंपनी सदस्य, कुम्मा उर्फ बोटी मुचाकी 50 वर्ष निवासी पोरोवाड़ा थाना मिरतुर मिलिशिया कंपनी सदस्य, फागु हपका 50 वर्ष निवासी एटेपाल थाना मिरतुर मिलिशिया प्लाटून बी कमाण्डर, संतू ओयाम 22 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर मिलिशिया सदस्य, गुड्डु कड़ती 25 वर्ष निवासी बेच्चापाल थाना मिरतुर सीएनएम सदस्य, दशरू ओयाम 18 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर मिलिशिया सदस्य, सोनू कड़ती 26 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर मिलिशिया प्लाटून सदस्य शामिल है। भगत ओयाम 35 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर मिलिशिया सदस्य, रानू उर्फ गुटलू ओयाम 33 वर्ष निवासी बेचापाल थाना मिरतुर मिलिशिया सदस्य, लिंगा सोड़ी 31 वर्ष निवासी ऐटेपाल थाना कुआकोण्डा मिलिशिया सदस्य, सुकड़ी मुचाकी 16 वर्ष निवासी ऐटेपाल थाना कुआकोण्डा केएएमएस सदस्य शामिल है।

### आंध्र प्रदेश जाने से पूर्व ....

में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे उसके बाद पीएम मोदी बस्तर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में आने के बाद प्लेन बदलते हुए आंध्रप्रदेश के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए बस्तर जिले में जवानों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट के अंदर से लेकर बाहर तक जवानों को तैनात किया गया है। वहीं एहतियातन एयरपोर्ट से महारानी अस्पताल व डिमरापाल मेडिकल कॉलेज मार्ग में भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है।

### युवती से अनाचार ....

30 अप्रैल की रात पीड़िता के भाई के मोबाइल पर भेज दिया। परिजन की सूचना पर भानपुरी पुलिस द्वारा धारा 376, 376(2) (एन), 294, 323, 506 व 67, 67 (ए) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक राकेश राठौर के अलावा एएसआई दुशिला भारद्वाज, प्रधान आरक्षक अंजू निषाद, डालमनी ठाकुर, पतिराम बघेल, आरक्षक महेन्द्र मुकेश शोरी, छबिलाल सोम, रमेश मरकाम, समरथ मरकाम व प्रेमूलाल वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एम्बुलेंस कर्मियों ने ....

ढाबा के पास महिला की प्रसव पीड़ा अधिक होने के कारण 108 एम्बुलेंस को रोड के किनारे खड़ा कर 108 एम्बुलेंस की ईएमटी कविता ठाकुर एवं वाहन चालक तरूण ठाकुर ने वहीं पर प्रसव कराने का प्रयास किया। सुबह 9.20 बजे महिला ने एक स्वस्थ बालक को जन्म दिया। तत्पश्चात महिला एवं शिशु को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर महिला एवं शिशु को खतरे से बाहर बताया।

मरीजों को मिल रही राहत : बस्तर संभाग के 108 संजीवनी एक्सप्रेस के जोनल मैनेजर हेमराज सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों के साथ स्थल में पहुंच रहे हैं, जिससे मरीजों को राहत मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में समर कैंप का आयोजन



**गीदम।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में भैया बहनों को समर कैंप के तहत रंगोली, चित्रकला, मेहंदी क्लास, सौंदर्य प्रसाधन, सुलेख, डांस क्लास, खाना बनाना आदि आचार्य दीदियों द्वारा सिखाया जा रहा हैं। श्रीमती साधना, श्रीमती साहू, श्रीमती स्वीटी पारख द्वारा सिलाई व सौंदर्य प्रसाधन का क्लास बहनो को दिया जा रहा हैं। बबलू यादव, पुखराज सुराना द्वारा बिजली से संबंधित छोटे-मोटे काम सिखाया जा रहा हैं। साथ ही टीवी मैकेनिक, घड़ी, मोबाइल इत्यादि की भी जानकारी दे रहे हैं छोटी-मोटी इन मशीनरी चीजों में खामियां होती है तो उसे कैसे ठीक करे सिखाया जा रहा। सभी भैया बहन मन लगाकर इन सभी कार्यों को सीख रहे हैं। मेधावी छात्र परीक्षा में बैठने वाले भैया बहनों को पाठ्य पुस्तक का रिवीजन करवाया जा रहा है। आत्मरक्षा के लिए भागीरथी यादव जी द्वारा दंड, चालन सिखाया जा रहा हैं। साथ ही भैया बहनों को व्यवसायिक व रोजगार मूलक शिक्षा दी जा रही है।

### झाड़ियों में मिली महिला की लाश

**धमतरी।** कुकरेल-मोहलई मार्ग पर कुछ दूरी पर झाड़ियों में एक अज्ञात महिला की लाश पाई गई। केरेगांव पुलिस महिला की शिनाख्ति के प्रयास में जुटी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम वन विभाग का चौकीदार मोहलई मार्ग में गश्त पर निकला था। इसी दौरान कुकरेल से 100 मीटर की दूरी पर मोहलई मार्ग में जंगल की ओर जाने वाले पगडंडीनुमा रास्ते में झाड़ियों के बीच एक महिला को मृत देखा। उसने इसकी सूचना केरेगांव पुलिस को दी। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंच शव की शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतिका विक्षिप्त थी जिसे कुछ दिनों से कुकरेल के बस स्टैंड व आसपास भटकते लोगों ने देखा था। महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष है। काफी प्रयास के बाद भी महिला की पहचान नहीं हो पाई।

## वनमंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में दो दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ता बहा रहे है पसीना

# मोदी के 400 पार के संकल्प में कोरबा का भी होगा योगदान : राठी

### कोरबा में कमल खिलाने भाजपाई ने कसी कमर, ग्रामीण व शहरी इलाकों में लगातार चल रहा है बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छग में तीसरे चरण की लोकसभा चुनाव का अंतिम दौर चल रहा है ऐसे में बस्तर संभाग के सुकमा जिले के नेताओं को कोरबा लोकसभा का प्रचार-प्रसार भाजपा संगठन द्वारा सौंपी गई है। सुकमा भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने मंडल गड़उप्रोदा क्षेत्र में सरोज पांडे के पक्ष में धुआंधार प्रचार करते हुए अपनी कमान संभाले हुए उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के मतदान के लिए एक-एक कार्यकर्ता अपनी ताकत लगा रहे है और हम 11 में से 11 सीट पर विजय प्राप्त करेंगे।

दूसरी ओर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के बांकीमोंगरा मंडल की जिम्मेदारी सुकमा जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी को दी गई। लीलाधर राठी आज बांकी मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों तक पहुंचकर प्रचार प्रसार की रफ्तार बढ़ाई। इसी क्रम में उन्होंने आज कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा कोरबा एवं कटघोरा के ग्रामीण क्षेत्रों में सघन डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया। बांकि मोंगरा के महिला समूहों एवं ग्रामीणों को कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही महतारी वंदन योजना, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देना, 21 किंटल धान और 3100 रु प्रति क्वींटल धान करीदी करने एवं बकाया बोनस राशि को वितरण करने जैसे कही सारे जनकल्याणकारी योजनाओं को संबोधित में जिक्र करते हुए 7 मई को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना बहुमूल्य मत का प्रयोग कर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी में सहभागिता देने की अपील किया। साथ ही मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव पर चर्चा कर आगामी चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। इस सिलसिलेवार कार्यक्रम में सुकमा भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, भाजयुमो जिला महामंत्री पूर्णा चंद नायडू,मोंगरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी कांत , मंडल महामंत्री हनुमान पांडेय , महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अनिता सिंह, वार्ड नम्बर 66 की पार्षद कमला बरेठ मुख्य रूप से उपस्थित रही। सात मई को तीसरे चरण के लिए छत्तीसगढ़ की सात लोकसभा सीटों में मतदान होना है। तीसरे चरण के पूरा होते ही छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में चुनाव प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। छत्तीसगढ़ के लिहाज से अंतिम चरण के चुनाव में भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के रणनीतिकारों व चुनाव कार्य से जुड़े प्रबंधकों ने पूरी ताकत झोंकना शुरू कर दिया है। बस्तर और कांकेर लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ संगठन द्वारा विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में बस्तर के दिग्गज नेताओं से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं को तीसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में दायित्व सौंप गया है। प्रदेश भाजपा संगठन के दिशा-निर्देश पर बस्तर, कांकेर, महासमुंद, राजनांदगांव के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अब अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी प्रचार-प्रसार का जिम्मा संभालने भेजा जा रहा है। इसी क्रम में सुकमा भाजपा जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी एवं सुकमा भाजयुमो जिला महामंत्री पूर्णा चंद नायडू को बस्तर व कांकेर लोकसभा में प्रचार-प्रसार के बाद अब कोरबा लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर रहे है।





कोरबा लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान लीलाधर राठी ने बनकीमोगरा में आयोजित मंडल स्तर की बैठक में कार्यकर्ताओं को दीदी सरोज पांडे को अप्रत्याशित मतों से विजयी बना कर मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करना है। श्री राठी ने कहा कि प्रदेश की विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाते हुए किसानों को बोनस, तेंदूपत्ता के मूल्य में वृद्धि के साथ साथ महतारियो के हित मे प्रतिमाह एक हजार रुपये देने का वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हम सब कार्यकर्ताओ को कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार को आम जनता के सामने लाते हुए पूरे दमखम के साथ जुट जाने का आह्वान किया। बालोद क्षेत्र से यशवंत जैन व बस्तर क्षेत्र से मनोज जैन, सुधीर पांडे, बारसे धनीराम, सुरेश गुप्ता, योगेश सिन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्ता प्रचार में लगे है।

# गर्मी बढ़ते ही मटकों का बाजार हुआ गुलजार

### हाट बाजारों में बढ़ी मिट्टी के बने मटकों की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गर्मी और तपिश के बढ़ते ही लोगों को अंचल के हाट बाजारों में मटके की खरीदारी करते देखा जा रहा है। नगर के साप्ताहिक बाजार में लोगों को मटका खरीदते देखा गया। मटका बेचने वाली महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा छोटे व बड़े साइज के मटके बेचने को लाया गया है। मटको की कीमत 100 रूपये से लेकर 160 रूपये तक है।

मटके बेचने वाली महिला का कहना है कि गर्मी शुरू होते ही लोग मटको की खरीदारी करने के लिए आने लगे हैं। अब गर्मी बढ़ने लगी है तो मटके की बिक्री में तेजी आ गई है। लगातार गर्मी बढ़ने के साथ ही देसी फ्रिज यानी मिट्टी के मटको की मांग हाट बाजारो में बढ़ गई है। वैसे आज के दौर में लोग फ्रिज का पानी ही ज्यादा पीते हैं लेकिन अब भी बहुत लोग मटके का पानी पीना ज्यादा अच्छा समझते हैं। लोगों का मानना है कि फ्रिज के पानी के मुकाबले मटके के पानी की तासीर ज्यादा ठंडी होती है। साथ ही मटके के पानी का स्वाद भी अलग होता है। मटके का पानी पीने से प्यास जल्दी बुझ जाती है।



## सोलंकी परिवार की भागवत कथा में पंडित शिवविलास का प्रवचन जारी, श्रोता मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित शिव विलास शर्मा ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं।

भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं।





भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया।

## 1436 ने डॉक्टर बनने दी नीट की परीक्षा...





**जगदलपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा ऐजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट रविवार को शहर के 4 केन्द्रों में आयोजित की गई, जिसमें बस्तर जिले के हजारों विद्यार्थी शामिल हुए। 2 बजे से शुरू परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को प्रक्रियाएं पूर्ण करने 11 बजे बुलाया गया था, आज नीट की परीक्षा में 1486 अभ्यर्थियों में से 1436 शामिल हुए वहीं 50 अनुपस्थित रहे। ज्ञात हो कि एनटीए द्वारा हर वर्ष मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट की परीक्षा आयोजित की जाती है, इसी के तहत शहर के तीन सेंटरों में परीक्षा का आयोजन किया गया। नीट की परीक्षा के लिए बस्तर जिले से 1486 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन शहर के तीन परीक्षा केन्द्रों में 1436 विद्यार्थी ही शामिल हुए, जबकि 50 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा देने के बाद बाहर निकले विद्यार्थियों के अनुसार प्रश्न पत्र इस बार पिछली परीक्षाओं की अपेक्षा कुछ सरल रहे, जिसमें बेसिक प्रश्न ही पूछे गए, जिसके चलते अधिकांश अभ्यर्थियों के चेहरे खिले हुए।

### विधायक को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## बनाए गए ओडिशा के स्टार प्रचारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 13 मई 2024 को होने वाले लोकसभा और उड़ीसा विधानसभा के आम चुनाव हेतु स्टार प्रचारक लिस्ट जारी किया गया, जिसमें बस्तर के कदावर नेता विधायक लखेश्वर बघेल को भी उड़ीसा चुनाव हेतु अहम जिम्मेदारी देते हुए स्टार प्रचारक के रुप में शामिल किया हैं। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को बस्तर लोकसभा चुनाव हेतु लोकसभा संयोजक बनाया गया था जिन्होंने अपनी क्षेत्र भ्रमण के दौरान 8 विधानसभा में बैठके लेकर लगातार अपने पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए प्रयासरथ रहे और निश्चित तौर पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों का आशीर्वाद रूपी भी अच्छा मिला और मेहनत उनकी अच्छी प्रभावशील को देखते हुए लोकसभा में भी जीत की ओर अग्रसर रहेंगे



## एसी फिटिंग करने के दौरान मैकेनिक विद्युत तार की चपेट में आया

**धमतरी।** एसी फिटिंग करने के दौरान मैकेनिक विद्युत तार की चपेट में आकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम जवरगांव निवासी मिथिलेश सिन्हा पिता देवलाल उम्र 25 वर्ष एसी मैकेनिक हैं। शनिवार को मिथिलेश गांव के अपने सहयोगी खिलेन्द्र सिन्हा के साथ रूद्री में एसी की फिटिंग करने गया था। एसी लगाते समय खिलेन्द्र नीचे खड़ा था। वहीं मिथिलेश कॉपर की पाइप को खिलेन्द्र को देने के लिए छत पर चढ़ा था। युवक कॉपर की पाइप को लेकर छत पर चल रहा था। इसी दौरान पाइप का एक हिस्सा वहां से गुजरे विद्युत तार के संपर्क में आ गया जिससे मिथिलेश को करंट का जोरदार झटका लगा। करंट लगने से युवक नीचे गिर गया। इस घटना में युवक की हथेली व सिर में गंभीर चोट आई है जिसे संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./119/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलोचन भारती पिता रघुनाथ भारती जाति भतरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. बुतीन पति स्व. रघुनाथ ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के माता स्व. बुतीन ग्राम करपावण्ड का दिनांक 02/10/2015 को मृत्यु हुई है। आवेदक कमलोचन भारती पिता रघुनाथ भारती जाति भतरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. बुतीन मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 08/05/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 22/04/2024 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./120/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धरमू भारती पिता भारत भारती जाति भतरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. बुधवारी पति स्व. भारत भारती निवासी ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के माता स्व. बुधवारी ग्राम करपावण्ड का दिनांक 21/05/2022 को मृत्यु हुई है। आवेदक धरमू भारती पिता भारत भारती जाति भतरा ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. बुधवारी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 08/05/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 22/04/2024 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### 100 रुपए किलो में बिकी ओडिशा की खेक्सी



**जगदलपुर।** भीषण गर्मी के चलते रविवार को बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार कम दिखे। साथ ही उड़ीसा का खेक्सी 100 रूपए किलो में बिक रहा है। बाजार के साथ-साथ संजय मार्केट, गोलबाजार चौक, कुम्हारपारा चौक आदि जगह नारियल पानी, कलिंदर एवं ककड़ी बिक रहे हैं। बाजार में टमाटर 20, परवल 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 100, हरी मिर्च 50, भिंडी 50, भट्टा 50, बरबटी 80, करेला 50, आलू 30, प्याज 40, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

### जेसीबी से टकराई बाइक, युवक की मौत

**धमतरी।** घर लौट रहे युवक की बाइक जेसीबी से टकरा गई। इस घटना में युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार विवेक साहू पिता पुष्पेन्द्र उम्र 30 वर्ष ग्राम गातापार थाना जामगांव-आर निवासी शुक्रवार को बाइक से बेल्हारी गया था जहां से शाम को वह बाइक से अपने घर के लिए निकला था। वहीं ग्राम बेल्हारी में सड़क निर्माण कार्य चल रहा था जहां सूचना बोर्ड लगाए बगैर एक जेसीबी मशीन मिट्टी खुदाई के कार्य पर लगी हुई थी। इसी बीच विवेक बाइक चलाते निर्माणाधीन बेल्हारी मार्ग से होते हुए अपने घर गातापार लौट रहा था तभी मिट्टी खुदाई कर पीछे हो रही जेसीबी से उसकी बाइक टकरा गई। इस हादसे में अंदरूनी चोट लगने से युवक बाइक सहित घटनास्थल पर गिरकर बेहोश हो गया। घटना के बाद जेसीबी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

**समस्या :** ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से चांदनी चौक में वाहनें हो रही आमने सामने

# वनवे का तीसरा दिन, गड़बड़ाई यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दो दिन पूर्व जिला प्रशासन की पहल व व्यापारियों की सहमति से एसबीआई चौक से चांदनी चौक मार्ग को किया वन-वे किया

- वनवे की अनदेखी कर वाहन चालक तोड़ रहे नियम

गया था लेकिन अब ट्रेफिक सिग्नल के बंद होने से यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई है। सबसे व्यस्त चांदनी चौक में वाहने आमने सामने हो रही है जिससे दुर्घटना की आंशका बनी हुई है।





गौरतलब है कि वाहनों का दबाव कम करने के लिए दो दिन पूर्व इन मार्गो को वन वे किया गया था और कलेक्टर विजय दयाराम के ने कहा था कि व्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था के साथ नागरिकों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बावजूद तीसरे ही दिन इन दोनों वनवे में यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई। कुछ स्थानों में ट्रेफिक पुलिस के जवानों के नहीं होने से वाहन चालक वनवे नियम को धत्ता बताते हुए नियमों की अनदेखी करते हुए वनवे में प्रवेश कर रहे है। वहीं शहर के सबसे व्यस्तम चांदनी चौक में ट्रेफिक सिग्नल के बंद होने से शहीद पार्क की ओर से आने वाली वाहने और महारानी अस्पताल की ओर से आने वाली वाहने आमने सामने हो रही है और दुर्घटना की आंशका बनी हुई है। सबसे अधिक अव्यवस्था शराब दुकान के सामने हो रही है जहां मदिरा लेने आने वाले वाहनों की भीड़ लगी रहती है जिसके चलते इस मार्ग से आवाजाही करने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### आधा दर्जन गली व दो मुख्य मार्ग में अव्यवस्था

एसबीआई चौक से चांदनी चौक मार्ग के वन वे होने के बाद इन दोनों मार्ग के बीच आधा दर्जन गली मार्ग के अलावा शहीद पार्कव मेन रोड की दो मुख्य मार्ग शामिल है। इन मार्गो से होकर वन वे में जाया जा सकता है लेकिन गली मार्ग के चलते आवाजाही करने वाले वन वे में घुसने के बाद गली से होते हुए दूसरे मार्ग की ओर आवाजाही कर रहे है। इसके चलते तीसरे दिन इन दोनों वन वे मार्ग में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। शार्टकट के चक्कर में वाहन चालक वन वे नियमों की अनदेखी करते हुए आवाजाही कर रहे है जिससे दुर्घटना की संभावना अधिक बढ़ गई है।

# सत्संग से ही समाज का सुधार होगा : संत रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संत रामपाल महाराज के सानिध्य में 5 मई को बस्तर जिले के बास्तानार ब्लॉक के हाई स्कूल ग्राउंड किलेपाल में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में उन्होंने समाज के सुधार पर बल दिया और बताया कि सच्चे सतगुरु के सत्संग से ही मानव को सच्ची साधना और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने आधुनिक समाज में व्याप्त विकारों जैसे चोरी, नशा, दहेज, रिश्वत आदि के निवारण पर जोर दिया। संत रामपाल महाराज ने रक्तदान को महादान बताते हुए, समाज सेवा के अन्य कार्यों के साथ-साथ रक्तदान महाअभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। उनकी पुस्तकें जैसे ज्ञान गंगा, जीने की राह, और गीता तेरा ज्ञान अमृत के प्रचार के माध्यम



से वे तत्व ज्ञान को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि समाज इस ज्ञान को समझे और मानव जीवन की कीमत को पहचाने।

सत्संग में उन्होंने कहा कि ज्ञान ही वह प्रकाश है जो हमारे आत्मा को निर्मल करता है और समाज को विषय विकारों से मुक्त कर सुखद समाज का निर्माण करने में सहायक होता है। उन्होंने कबीर साहेब के तत्व ज्ञान को सर्वोच्च बताया और लोगों से इसे ग्रहण करने और अपने मानव जीवन का कल्याण करने का आह्वान किया। सत्संग में शंकर लाल ताती, गनपत सेठिया, दिनेश नाग, जयपाल सेठिया, लक्ष्मण पोयाम, पीलू लेखामी, रामचंद्र नाग, सहदेव दास, डूसा बघेल, पाकलूराम नाग, भीभीशन मौर्य, मीडिया सेवादार धनंजय ओगर, चितेश्वर सेठिया तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रोतागण और सेवादार उपस्थित थे।

# ओडिशा में प्रचार के लिए बस्तर भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं नेतागण रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रूपसिंह मांडवी के नेतृत्व में सीमावर्ती ओडिशा प्रांत में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव

- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ओडिशा सह प्रभारी ने दी बस्तर के नेताओं को जिम्मेदारी



प्रचार के लिए रविवार को भाजपा बस्तर जिला के कार्यकर्ताओं की टीम नवरंगपुर पहुंचे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ओड़शिा सह प्रभारी लता उसेंडी ने बस्तर के नेताओं के साथ नबरंगपुर में बैठक लेकर बस्तर के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बस्तर के नेताओं ने नवरंगपुर लोकसभा के झरिगांव विधानसभा में मोर्चा संभाल लिया है। अलग-अलग क्षेत्र में प्रवास भी शुरू कर दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र में सघन दौरा कर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से मिलकर प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है। बस्तर के नेताओं ने अविलंब प्रवास प्रारंभ कर बैठकें व कार्यकर्ताओं से मुलाकात आरंभ कर दी है। इस दौरान वेद प्रकाश पांडे, रजनीश पाणिग्रही, प्रकाश रावल, संग्राम सिंह राणा, जितेंद्र सुराणा, परितोष त्रिपाठी, शुभम संचेती सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित है।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा हर कार्यकर्ता को तन मन लगाकर कार्य करने की जरूरत है। इस बार ओडिशा में कार्यकर्ताओं में उत्साह है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा को जीत मिलेगी। रूप सिंह मंडावी ने कहा लोकसभा चुनाव मजबूती की तरह लड़ना होगा। कमियों को दूर करने व मजबूत रणनीति के तैयारी में सभी का सहयोग आवश्यक है। हर कार्यकर्ता भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे।

# मुक्ति मोर्चा ने नियमों को ताक में रख शराब बेचने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक एवं जनता कांग्रेस जे के अध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी बयान में एक वीडियो जारी कर शहर में आबकारी विभाग के अधीन, निजी प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा संचालित शराब के दुकानों में आचार संहिता एवं विभागीय विक्रय नियमों को ताक में रख अवैध वसूली के रूप में निर्धारित दर से अधिक दर पर विक्रय व जिले में कोचि प्रथा को बढ़ावा देने, निर्धारित मात्रा से अधिक बोतल का विक्रय करने का आरोप लगाते विभाग के सचिव से तत्काल कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बस्तर में अवैध शराब विक्रय में आबकारी विभाग की कार्यवाही की भारी कमी के चलते यह व्यापार बस्तर के गांव से लेकर शहर के विभिन्न वार्डोंर् में जोरों से हो रहा है। विभागीय संरक्षण में प्लेसमेंट एजेंसी विक्रय नुकसान को कम करने निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा पर विक्रय किया जा रहा है। विगत मार्च 2024 में आबकारी विभाग के छग कॉर्पोरेशन कम्पनियों द्वारा प्रत्येक शराब के ब्रांड के बोतलों का विक्रय दर निर्धारण एफ एल-10 के ठेकेदारों से टेंडर के माध्यम से अनुबन्ध किया, तो वहीं राज्य के जोन में स्थित शराब दुकानों के संचालन ठेके के माध्यम से प्लेसमेंट एजेंसियों का निर्धारण एवं संचालन अनुबन्ध कर कार्य सौंपा है। आबकारी विभागीय संचालन अनुबन्ध की शतोंर् का निर्धारित एजेंसी द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है। बस्तर में अवैध शराब विक्रय के धंधे को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। अनुबन्ध की शतोंर् का उल्लंघन कर प्लेसमेंट एजेंसियां बेरोजगार युवकों से दुकान में रोजगार के नाम से अवैध सुरक्षा निधि के रूप में हजारों रुपये वसूले जा रहे है। वहीं दुकान में कार्यरत कर्मचारियों का निर्धारित ड्रेस कोट, आई कार्ड, राज्य श्रम विभागीय नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ओवर रेट और निर्धारित विक्रय की सीमा से अधिक शराब बिक्री के मामले को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस जे सोमवार को प्रशासन के माध्यम से राज्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग करेगा।



- प्लेसमेंट एजेंसियां ओवर रेट एवं निर्धारित मात्रा से अधिक शराब बोतलों का अवैध विक्रय कर, कोचिया प्रथा को बढ़ावा दे रही : नवनीत

# दो दशक से बंद ग्राम सहायक क्वार्टर को जनपद सदस्य ने खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावंड ब्लाक के मालगांव में दो दशक पूर्व बना ग्राम सहायक क्वार्टर को जनपद सदस्य भोलानाथ नाग के द्वारा खुलवाया गया। खण्डहर में तब्दील हो रहे शासकीय भवन को

- साफ सफाई के बाद शुरू की गई भजन कीर्तन संध्या
- भक्ति कार्यक्रमों के लिए जगह मिलने से ग्रामीणों में उत्साह

खुलवाने के बाद अब यहां भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में खास उत्साह देखा जा रहा है।




जनपद सदस्य भोलानाथ नाग ने चर्चा में बताया कि वर्ष 2000 से पूर्व मालगांव में ग्राम सहायक क्वार्टर बनाया गया था तब यहां से आसपास के पंचायतों का कामकाज किया जाता था लेकिन इसके बाद से क्वार्टर में ताला लगा हुआ था। ग्रामीणों की मांग पर जनपद सदस्य व गांव के प्रमुख लोगों ने श्रमदान कर ग्राम सहायक क्वार्टर की साफ सफाई की और इसे गांव के सत्संग धर्म से जुड़े ग्रामीणों को सौंप दिया गया। गांव में ही क्वार्टर मिलने के बाद गांव की सत्संग टीम द्वारा यहां शनिवार से प्रतिदिन संध्या के समय भजन कीर्तन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। भक्ती संध्या में शामिल होने बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां पहुंच रहे है और भक्ती भाव से भजन का आनंद ले रहे है। श्रमदान कर भक्ती संध्या का आयोजन करने में जनपद सदस्य भोलानाथ नाग के अलावा दुर्गा प्रसाद कवि, तुलसीराम सेठिया, लखमु नाग, नंदलाल यादव, तुलाराम नाग, देवेन्द्र सेठिया, मुरलीधर नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं संध्या के समय सत्संग टीम के सदस्य हेमराज कश्यप, दुर्गा प्रसाद, कवि डुबले ठाकुर, चमरू



ठाकुर, कमल ठाकुर, चिन्मय राय, भोलानाथ नाग, तबीर सेठिया आदि द्वारा भजन कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जा रही है। शाम होते ही गांव की महिलाएं व युवा यहां पहुंच रहे है और ढोल व मजीरा की धून में भक्तीभाव से भजन कीर्तन कर रहे है। मालगांव के ग्रामीणों ने बताया कि भजन संध्या शुरू होने से गांव के युवा व बुजुर्ग काफी खुश है और जनपद सदस्य भोलानाथ नाग की इस पहल की प्रशंसा कर रहे है।

# गायत्री परिवार का पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम तोतर विकासखंड तोकापाल में गायत्री परिवार द्वारा पांच कुंडी गायत्री महायज्ञ विविध संस्कार एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में डॉ. तेज सिंह पटेल होम्योपैथिक विशेषज्ञ द्वारा दवाई वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे देवी देवताओं का पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान गांव के सैंकड़ों श्रद्धालु यज्ञ में शामिल होकर गांव के खुशहाली के लिए आहुति डाली। कार्यक्रम में अन्नप्राशन नामकरण मंत्र दीक्षा विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुए। संचालन गुरु बंधु सिन्हा की टोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकास श्रीवास्तव, निलेश ठाकुर, ट्रस्टी सुप्रिया श्रीवास्तव, पीएम माथुर, नरेंद्र बघेल, चंदूलाल राय, योगेश्वर सिन्हा, रमन बघेल, वेदवती धुरव, अनिता, गज्जलू राम, रमेश वट्टी, रामदास, धनुर्जय, भादूराम, रामूराम, वैसाखुराम, महिपाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**वार्ड पार्षद के समझाईश का असर नहीं, लापरवाही थम नहीं रही**

# गंगामुण्डा तालाब तट पर कचरे का अंबार, बदबू से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गंगामुण्डा तालाब तट पर पिछले अनेक दिनों से पूजन सामग्री ठंडा करने का ठिकाना बन गया है। यहां बाहर वार्ड से बकायदा कार से पूजन

- बाहर से आकर दूसरे वार्ड के लोग पूजन सामग्री ठंडा करने का बनाया ठिकाना

सामग्री का अंबार लेकर पहुंचते और शिव मंदिर से मुख्य घाट पर ठंडा कर चले जाते है। लंबे समय से जाम पूजन समाग्री व कचरा पानी में सड़ने से बदबू से वार्डवासी परेशान है। वार्ड पार्षद राजेश राय कई मर्तबा पूजन सामग्री तालाब तट पर ठंडा नहीं करने की समझाईश दी, लेकिन लापरवाह लोगों को इसका असर होता नही दिखा रहा है। उल्टा पार्षद से प्रश्न करते है, पूजन सामग्री पानी में ठंडा नहीं करे तो और कहां करे। मालूम हो गंगामुण्डा तालाब की सफाई के लिए नगर निगम पिछले वर्ष अभियान चलाया था। हर वर्ष झठ पर्व के मौके पर वाटर हार्वेस्टिंग मशीन से सफाई की जाती है। फिर साल भर तालाब में निगम का सफाई अमला झांकने तक नहीं जाता। इसी वजह से तट में गंदगी का आलम है। पार्षद राजेश राय ने बताया अभी बारिश भी नहीं हुई। जबकि जब भी बस्तर में भारी गर्मी होती है तो बारिश होती थी, इस वर्ष बारिश नहीं होने की वजह से



तालाब सूखने के कगार पर पहुंच गया है। निस्तारी की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गया है। मवेशी भी तालाब किनारे कीचड़ की वजह से उतर नहीं पा रहे है। नगर निगम गंगामुण्डा तालाब में जल संरक्षण की दिशा में कोई योजना बनाकर कार्य को अंजाम नही दे रहा है।

### तालाब गहरीकरण से समस्या होगी दूर

वार्डवासियों ने बताया गंगामुण्डा तालाब का गहरीकरण से समस्या का स्थायी समाधान होगा। गहरीकरण से तालाब से जलीय पौधे, अवशेष और कचरा पूरी तरह से साफ होगा। इसके बाद यह जलकुंभी की समस्या खत्म होगी।

### शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं

पार्षद राजेश राय का आरोप है कि नगर निगम गंगामुण्डा तालाब में जल संरक्षण की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है। यदि निगम का यही रवैया रहा तो आने वाले दिनों में स्थिति और विस्फोटक होने की संभावना है। निगम को योजना बनाकर जल संरक्षण की दिशा में त्वरित पहल करने की आवश्यकता है। कई मर्तबा निगम को शिकायत करने पर इस दिशा में सुनवाई नहीं है। आने वाले दिनों में पूरे वार्डवासियों के साथ निगम आयुक्त से मुलाकात कर लिखित में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

